कोटद्वार, शनिवार
27 सितम्बर 2025
वर्ष: 47
अंक: 141 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नंदाकिनी नदी में बहे युवक का नहीं लगा पता

चमोली : दो दिन पूर्व नंदाकिनी नदी में बहे युवक का कुछ पता नहीं लग पाया है। एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ युवक की खोज की लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। अब एनडीआरएफ की टीम भी लौट गई है। 24 सितंबर की शाम को सुतोल गांव का युवक नरेंद्र सिंह (28) पुत्र नारायण सिंह दो अन्य साथियों के साथ सुगड़ तोक से होकर तातड़ा गांव जा रहा था। नंदाकिनी नदी पर लकड़ी की पुलिया बह जाने के कारण वे नदी से होकर गुजर रहे थे। अचानक नरेंद्र का पैर फिसल गया और वह नदी में बह गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सके। नंदानगर के नायब तहसीलदार राकेश देवली ने बताया कि इन दिनों नंदाकिनी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है जिससे युवक की खोज में दिक्कतें आ रही हैं। अब एनडीआरएफ की टीम भी लौट गई है। (एजेंसी)

### भूस्खलन से आवासीय मकान खतरे की जद में

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली मुख्यालय की ग्रामसभा जखोली में ममणी जखोली मोटर मार्ग में भूस्खलन होने से विजय सिंह रावत एवं रामेश्वरी देवी का आवासीय भवन खतरे की जद में आ गया है। उन्होंने प्रशासन व पीएमजीएसवाई से समय रहते शीघ्र सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी जखोली को दिये ज्ञापन में विजय सिंह रावत एवं रामेश्वरी देवी में कहा है कि विगत दिनों क्षेत्र में हुई भारी बारिश के चलते पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत निर्मित जखोली ममणी मोटर मार्ग पर भारी भूस्खलन होने से जीआईसी रामाश्रम के पास स्थित उनका पैतृक आवासीय भवन खतरे की जद में आ गया है। शुक्रवार को विजय सिंह रावत ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र में हुई भारी बारिश के बाद उनके घर के आगे रामाश्रम के समीप मोटर मार्ग पर भूस्खलन हो गया है। जिससे उनके घर के आगे आंगन व मकान पर दरारें आ गयी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि उक्त स्थान पर शीघ्र ही ट्रीटमेंट नहीं किया गया तो आंगन के साथ साथ मकान को भी खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने शासन-प्रशासन व पीएमजीएसवाई से शीघ्र ही मकान के आगे आंगन व मकान की सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की है। (एजेंसी)

### सोमेश्वर मंदिर में फिर लगाया गया भेड़ मेला

उत्तरकाशी। भिलंगना ब्लॉक के तहत सीमांत गांव गंगी के सोमेश्वर महादेव मंदिर में भेड़ कौथिक मेले का पुनः आयोजन किया गया। शुक्रवार को पुनः लगे भेड़ कौथिग में भी सैकड़ों भेड़ों ने शिरकत की, ग्राम प्रधान अंगूरी देवी ने बताया कि सोमेश्वर महादेव के मंदिर प्रांगण में लगने वाले हर त्रिवार्षिक भेड़ कौथिग में अगर कोई पशुपालक शामिल न हो सके तो वर्षों की परंपरा के तहत एक माह के अंतर्गत पुनः भेड़ कौथिग का आयोजन किया जाता है। तमाम ग्रामीण सोमेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेकर भेड़ों को मंदिर की परिक्रमा कराते हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े एवं नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान अंगूरी देवी ने बाहर से आये तमाम अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विजय लाल, क्षेपंस नित्यानंद कोठियाल, प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष दिनेश भजनियाल सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### रजत जयंती के अवसर पर फॉर जी स्टेक का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री

देहरादून। बीएसएनएल की रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को फॉर जी सेवा मोबाइल नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। मुख्य महाप्रबंधक कुलदीप कुमार ने शुक्रवार को पटेलनगर स्थित कार्यालय सभागार में बीएसएनएल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अब भारत के हर हिस्से में फॉर जी सेवा मिलेगी। उन्होंने उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में लगाए जा रहे मोबाइल टावर को लेकर जानकारी साझा की। अधिकारी ने कहा कि बॉर्डर पर जल्द 41 नए मोबाइल टावर लगेंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग बीएसएनएल सेवा का लाभ उठा सकें।

## आई लव मुहम्मद पर बरेली में बवाल

# सड़कों पर उतरी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले



बरेली , उत्तर प्रदेश के बरेली शहर में जुमे की नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद् के बैनर और नारों को लेकर भारी बवाल मच गया। थाना कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास स्थित मस्जिद के बाहर सैकड़ों नमाजियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। नमाजियों ने सड़क पर उतरकर 'आई लव मोहम्मद के अलावा 'नारा–ए–तकदीरझ् जैसे नारे लगाए और बैनर लहराए। भीड़ का दबाव इतना बढ़ गया कि पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

यह विवाद कानपुर से शुरू हुआ था, जहां जश्न–ए–ईद–मिलादुन्नबी के जुलूस में 'आई लव मोहम्मद के बैनर लगाने पर 25 मुस्लिम युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बरेली की प्रसिद्ध दरगाह आला हजरत ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की थी और जमात रजा–ए–मुस्तफा के नेतृत्व में शहर भर में समर्थन में पोस्टर अभियान चलाया गया। पिछले सप्ताह से ही जखीरा, आजमनगर, बिहारीपुर, कोहाड़ापीर, गुलाब नगर, शहामतगंज, किला, जोगी नवादा, हजियापुर, शाहदाना और सेटेलाइट सिटी जैसे इलाकों में ये बैनर लगाए गए थे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह पैगंबर मोहम्मद के प्रति प्रेम और सम्मान की अभिव्यक्ति है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आती है। जिले में जुमे की नमाज के बाद स्थिति बेकाबू हो गई। बरेली के इस्लामिया ग्राउंड में मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिम समुदाय से शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील की थी।

### आपदा प्रभावित उत्तराखंड को पीएम किसान सम्मान निधि की अग्रिम किशत जारी

देहरादून। केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावित उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के किसानों को पीएम सम्मान निधि की 21वीं किशत एडवांस में जारी कर दी है। उत्तराखंड के 7,89,297 किसानों को 157.86 करोड़ रूपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्राकृतिक आपदा से कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उत्तराखंड को 100 करोड़ रूपये की अतिरिक्त सहायता की मांग केंद्र के सामने उठाई है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली से यह किशत जारी की, जिसमें कृषि मंत्री गणेश जोशी देहरादून सचिवालय से वर्चुअल जुड़े थे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तराखंड समेत तीन राज्यों में आपदा की स्थिति देखते हुए किसानों को राहत देने के लिए उन्हें किसान सम्मान निधि की राशि एडवांस में जारी की गई है। इससे प्रभावित किसानों को अपनी फसलों और खेती को तैयार करने में मदद मिलेगी। मंत्री जोशी की ओर से उत्तराखंड को अतिरिक्त सहायता की मांग पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार शीघ्र प्रस्ताव भेजे, भारत सरकार उसकी प्राथमिकता के आधार पर संस्तुति करेगी। मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी जताया। इस मौके पर कृषि सचिव एसएन पांडेय, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, डायरेक्टर दीप्ति सिंह, कृषि निदेशक परमाराम, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ली राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि ।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उन्हें सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ मिले। समाज के इस वर्ग की समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का एक अभिन्न अंग हैं और उन्हें सक्षम बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि समय-समय पर प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। इन शिविरों में दिव्यांगजनों को उन्हें उपचार एवं चिकित्सा सुविधाओं के साथ ही प्रमाण-पत्र, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण भी मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिव समाज कल्याण को निर्देश दिए कि बैठक में प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांगजनों को पूरा लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि समाज कल्याण विभाग पेंशन योजनाओं में विशेष रूप से यह सुनिश्चित करे कि जो भी पात्र व्यक्ति दिव्यांग पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आते हों, उन्हें योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याएं किसी भी सरकार के लिए केवल प्रशासनिक विषय न रहकर मानवीय सरोकार से जुड़ी जिम्मेदारी भी हैं और इसी भाव से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

# सर्जरी के बाद महिला की मौत, निजी अस्पताल सील



काशीपुर। काशीपुर के मोहल्ला टांडा उज्जैन स्थित वरदान अस्पताल में ऑपरेशन से बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। जिसकी सूचना पर पहुंचे नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पताल के दस्तावेतों की जांच की, जिसमें सामने आया कि अस्पताल के पास केवल ओपीडी संचालित करने की अनुमति थी, जबकि वहां प्रसव और ऑपरेशन किए जा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल को तत्काल सील कर दिया। गुरुवार को अलीगंज के बढ़ापुर निवासी 32 वर्षीय रेनू पत्नी सरजीत सिंह को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन रेनू को वरदान अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार सुबह ऑपरेशन के बाद रेनू ने बेटे को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी समाजसेवी गगन कंबोज को दी गई। वह मौके पर पहुंचे और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत साहनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि अस्पताल को केवल ओपीडी की अनुमति प्राप्त थी, जबकि बिना अनुमति ऑपरेशन किया जा रहा था। स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल की अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए उसे सील कर दिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियमों के विपरीत संचालन और बिना अनुमति ऑपरेशन किए जाने पर अस्पताल को सील किया गया है। वहीं, कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि इस मामले में अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिला मरीज को दूसरे अस्पताल में कराया भर्तीः अस्पताल को सील करने के कार्रवाई के दौरान भर्ती महिला मरीज शबनम पत्नी वसीम निवासी गंगे बाबा को मुरादाबाद रोड स्थित एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शबनम को भी ऑपरेशन से प्रसव हुआ था। वह भी अस्पताल में भर्ती थी।

### धान की मढ़ाई करते समय गश खाकर गिरा किसान, मौत

बागेश्वर। जिला मुख्यालय से लगे उडलगांव का एक किसान धान की मढ़ाई करते समय गश खाकर गिर गया। आसपास के लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके बच्चे हल्द्वानी में रहते हैं, जिन्हें सूचना दे दी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुवार उडल गांव निवासी 67 वर्षीय रतन सिंह परिहार पुत्र जैत सिंह परिहार शुक्रवार की सुबह धान की मढ़ाई करने के लिए खेत में गए। धान मढ़ाई करते वक्त वह गश खाकर नीचे गिर गए। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। मृतक के बच्चे हल्द्वानी में रहते हैं। उन्हें सूचना दे दी है। इधर कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद की मौत का असली कारण सामने आएगा।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

### सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता पर बयान का मामला



प्रयागराज , इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह याचिका वाराणसी की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट के 21 जुलाई 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की थी। दरअसल, वाराणसी की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट ने सिख समुदाय पर उनके कथित बयान के खिलाफ निगरानी याचिका को स्वीकार किया था। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन उन्हें वहां से भी झटका लगा। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने शुक्रवार दोपहर दो बजे उनकी याचिका पर फैसला सुनाते हुए उसे खारिज कर दिया। गौरतलब है कि सितंबर 2024 में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान वाशिंगटन डीसी में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि भारत में सिखों को अपनी आस्था (जैसे पगड़ी और कृपाण) का अभ्यास करने की आजादी नहीं है, जिससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। राहुल गांधी को इस बयान के कारण भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में सिख समुदाय से जुड़े लोगों को अपनी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने की आजादी नहीं है, न ही उन्हें पगड़ी पहनने दी जा रही है और न ही गुरुद्वारे में जाने दिया जा रहा है। वरिष्ठ वकील और वाराणसी निवासी नागेश्वर मिश्रा ने इस बयान को भड़काऊबताते हुए वाराणसी के सारनाथ थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन वहां मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट में आवेदन दायर किया। हालांकि, 28 नवंबर 2024 को एसीजेएम कोर्ट ने मिश्रा की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद नागेश्वर मिश्रा ने वाराणसी सत्र न्यायालय (एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट) में निगरानी याचिका दायर की, जिसे विशेष न्यायाधीश ने 21 जुलाई 2025 को स्वीकार कर लिया और एसीजेएम को मामले की पुनः सुनवाई का निर्देश दिया।

# नोलों—धारों के संरक्षण के लिए तैयार हो रहा है जीआईएस प्लेटफॉममर्म : महाराज

## मंत्री ने पंचायतों को 29 विषयों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने के दिये निर्देश




देहरादून। केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कार्य योजना की वर्तमान स्थिति और 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के साथ–साथ 73वें संविधान संशोधन के फलस्वरूप संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों की निधियां, कार्यों एवं कार्मिक त्रिस्तरीय पंचायत को हस्तांतरित किए जाने के साथ–साथ जलागम विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रदेश के पंचायती राज एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने विभागवार समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

प्रदेश के पंचायती राज एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को डांडा लखौंड, सहस्त्रधारा रोड स्थित पंचायती राज निदेशालय में पंचायतीराज विभाग एवं जलागम विभाग की विभागवार समीक्षा बैठक कर किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ–साथ वर्ष 2025–26 में केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत राज्य के लिए स्वीकृत 179.40 करोड़ की वार्षिक योजना के सापेक्ष आवंटित प्रथम किस्त 25 करोड़ की धनराशि से किये जाने वाले कार्यों के साथ–साथ 73वें संविधान संशोधन के फलस्वरूप संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों की निधियां, कार्यों एवं कार्मिक त्रिस्तरीय पंचायत को हस्तांतरित किए जाने की प्रगति और प्रदेश की पंचायत में चुनकर आए जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ–साथ अन्य गतिविधियों को समय से पूरा करने के पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के पश्चात जानकारी देते हुए पंचायती राज मंत्री महाराज ने बताया कि वर्ष 2025 में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 126 अभ्यर्थियों को विभिन्न जनपदों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई और वर्ष 2024 में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के 17 रिक्त पदों पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संवर्ग से पदोन्नति की गई है।

### मां और तीन बेटियों की रहस्यमय परिस्थिति में मौत

पुरुलिया,दुगीत्सव के रंग में तब भंग पड़ गया जब आज एक ही परिवार के चार महिला सदस्यों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त घटना पुरुलिया जिले के बंदवान थाना क्षेत्र के लतापाड़ा की है। मृतकों की पहचान मां पिया गड़ाई (30), बेटियां बैशाखी गड़ाई (13), पल्लबी गड़ाई (10) और सौरवी गड़ाई (6) के रूप में हुई है। अभी तक ये पता नहीं चल पाया कि आखिर, चारों की मौत का कारण क?या है? पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कियों व उनके मां यानी चार लोगों की मौत का कारण जानने के लिए आज शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरी घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। प्राथमिक तौर पर पुलिस व स्तानीय लोगों का मानना है कि, रात को खाने में कोई जहरीला अंश मिलने के कारण ही इन सबकी मौत हुई होगी।

# शौर्य के 6 दशक बाद 'आसमान का बाज़ मिग—21 रिटायर



नई दिल्ली , भारतीय वायुसेना का पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग–21, छह दशकों तक देश के आसमान की रक्षा करने के बाद आज यानी शुक्रवार, 26 सितंबर को सेवा से रिटायर हो जाएगा। इस ऐतिहासिक विमान को विदाई देने के लिए चंडीगढ़ में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया है, जहां वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह खुद मिग–21 के 'बादल फॉर्मेशन को उड़ाकर इस गौरवशाली अध्याय का समापन करेंगे।

1963 में भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल हुआ रूस निर्मित मिग–21 अपनी ध्वनि से तेज रफ्तार (मैक 2) और अचूक मारक क्षमता के लिए जाना जाता था। इसने कई युद्धों में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई और 2019 में पाकिस्तान के अत्याधुनिक – 16 विमान को मार गिराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी। इसके रिटायरमेंट से वायुसेना की स्क्वाड्रन संख्या में अस्थायी रूप से कमी आएगी, लेकिन इसकी जगह लेने के लिए भारत का स्वदेशी 'तेजसझ् पूरी तरह तैयार है।

वायुसेना मिग–21 की जगह धीरे–धीरे स्वदेशी तेजस विमानों को शामिल कर रही है। 'फ्लाइंग डैगर्स और 'फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन के बाद अब जल्द ही तेजस का तीसरा स्क्वाड्रन 'कोबराझ् भी वायुसेना में शामिल होगा।

# ओडिशा के कई जिलों में गरज—चमक के साथ बारिश की चेतावनी

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



भुवनेश्वर ,भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा के कई जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान गरज–चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की। मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, साथ ही बिजली गिरने की आशंका भी बनी हुई है।

मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के अनुसार पश्चिमी ओडिशा के बलांगीर, बरगढ़ और नुआपाड़ा जिलों में विशेष रूप से खराब मौसम की संभावना है। इसके अलावा, चेतावनी का दायरा बढ़ाते हुए बालेश्वर, भद्रक, कटक, ढेंकेनाल, जगतसिंहपुर, जाजपुर, केंद्रापड़ा, क्योंझर, खोरधा, मयूरभंज, नबरंगपुर और पुरी जिलों को भी अलर्ट पर रखा गया है।

आईएमडी ने सभी प्रभावित जिलों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि गरज–चमक और बिजली गिरने के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचें, सुरक्षित स्थानों में शरण लें और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें।

विभाग ने किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को भी सावधान रहने और सुरक्षा उपाय अपनाने की हिदायत दी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इन जिलों में अचानक मौसम बिगड़ सकता है, इसलिए लोग सतर्कता बरतें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### निर्माणाधीन गोदावरी प्लांट में बड़ा हादसा, 6 मजदूरों की मौत!

रायपुर, राजधानी के सिलतरा चौकी क्षेत्र के निर्माणाधीन गोदावरी प्लांट में हुए हादसे में 6 मजदूरों की मौत होने की खबर आ रही है, वहीं 6—7 मजदूर घायल हुए है जिन्हें अस्पताल लाया गया है। हादसे की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे है। फैक्ट्री के बाहर मजदूरों के परिजनों का जमावड़ा लगा हुआ है। हालांकि अभी मौतों की पुष्टि नही हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर निर्माणाधीन गोदावरी प्लांट में काम चल रहा था। इसी दौरान प्लांट का हिस्सा काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। बताया जा रहा है कि अचानक निर्माणाधीन प्लांट का हिस्सा काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। मलबे में कई मजदूर दब गये। जानकारी यह भी मिल रही है कि दर्दनाक हादसे में कई मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल हो गये। घटना स्थल पर पुलिस की टीम पहुंची है और रेस्क्यू का काम जारी है। जानकारी मिली है कि ये हादसा प्लांट के अंदर पिलेट्स बनाने वाली यूनिट में हुआ है। फिलहाल मलबे को हटाने का काम जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मजदूरों के परिजन भी पहुंचे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, योगदान को किया याद



नई दिल्ली , देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री, दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को सराहा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जन्म–जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। हम उनके लंबे राजनीतिक जीवन के दौरान देश के लिए उनके योगदान को याद करते हैं।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी डॉ. सिंह के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। एक्स पर अपने संदेश में उन्होंने कहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। देश की सेवा में उनके वर्षों को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह लंबे समय तक राज्यसभा सांसद रहने वाले देश के चुनिंदा नेताओं में शुमार थे। वह लगभग 33 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय और प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की। वर्ष 1991 में वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे।

उसी साल वह 1991 से 1996 तक तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे।

साल 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए–1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला। मनमोहन सिंह ने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई, 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी।

## सम्पादकीय

# आपदा आने तक सरकारी महकमा प्रतिक्षारत

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तराखंड में बारिश से राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। देहरादून और नैनीताल में भारी बारिश, गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने के बाद भारी तबाही हुई है। नदियों में उफान से कई लोगों की मौत हो गई है और ढेरों लापता हैं। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। तेरह पुल प्रभावित बताए जा रहे हैं। ऋषिकेश में चन्द्रभागा नदी का जलस्तर सामान्य से ऊपर होने के चलते विशेष चेतावनी दी गई है।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल जलधाराओं में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में भारी मशक्कत कर रहा है। राज्य की सड़कें, पुल, बिजली की तारें, संचार व्यवस्था सब बुरी तरह प्रभावित होने से स्थानीय नागरिकों का जीना बेहाल है। जिन परिवारों के घर बह गए या ढह गए, उनकी रिहाइश और जीवन यापन की आवश्यकताओं को लेकर भारी दिक्कते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा चुकी हैं। राहत, बचाव व पुनर्वास के दावे जिस तरह सरकार करती है, जमीनी स्तर पर प्रभावित लोगों तक पहुंचना मुमकिन नहीं होता। जनता बेहाल है, जिस तक पहुंचने के साधन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। मानसून ने इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों में भारी तबाही मचाई है। हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते चार सौ से अधिक मौतें हो चुकी हैं। हालांकि यह मानसून का अंतिम चरण है। मगर बादल फटने या भूस्खलन ने तबाही मचाई हुई है।
बिहार के कुछ इलाके अभी भी जलमग्न हैं, और कुछ क्षेत्रों में भारी बरसात की चेतावनी है। प्रति वर्ष भारी संख्या में नागरिकों को स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, रिहाइश के अतिरिक्त रोजगार के संकट भी बुरी तरह जूझना पड़ता है। ये प्राकृतिक आपदाएं नहीं हैं, बल्कि मौसमी मार है, जिससे जूझने के प्रति सरकारों के पास कोई खाका नहीं है। मौसम विज्ञानियों के चेताने के बावजूद सरकारी महकमा आपदा आने तक प्रतिक्षारत रहता है।

पीड़ितों को जो या जिस तरह की राहत मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती। बरसाती पानी घटने या बाढ़ के बाद होने वाली जल–जनित बीमारियों, संक्रमक रोगों, मकानों, भवनों, पशुओं व रोजगार की व्यवस्था को लेकर दिन–रात एक करना मजबूरी हो जाती है। बाढ़ व बरसात के चलते अर्थव्यवस्था व उपज पर पड़ने वाली क्षति को रोक पाना लगभग असंभव है। मगर सरकारी तंत्र को मौसमी मार के पूर्व व उपरांत की समस्याओं से जूझने के तरीके सलीके से इख्तियार करने होंगे।

# स्वच्छ शौचालय अभियानः स्वच्छता की ओर बदलती सोच और बढ़ते कदम

भारत में स्वच्छता की चर्चा जब भी होती है, तो केवल कचरा या गंदगी की सफाई ही नहीं बल्कि शौचालयों की उपलब्धता और उनका नियमित उपयोग भी सबसे बड़ी चुनौती के रूप में सामने आती है। लंबे समय तक खुले में शौच की समस्या देश की छवि और स्वास्थ्य दोनों के लिए बाधा बनी रही। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन का आह्वान किया, तब इस समस्या को दूर करने की दिशा में व्यापक प्रयास शुरू हुए। घर–घर शौचालय बनने लगे, शहरों और कस्बों में सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ और धीरे–धीरे समाज में यह संदेश घर करने लगा कि स्वच्छता केवल सरकार का कार्य नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए क्लीन टॉयलेट अभियान की शुरुआत हुई, जिसकी थीम है – स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी। इस अभियान का मकसद केवल शौचालय बनाना नहीं, बल्कि उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और उपयोगी बनाए रखना है। क्योंकि यह बार–बार देखा गया कि शौचालय बन जाने के बाद भी उनका रखरखाव न होने से लोग उन्हें छोड़कर फिर खुले में शौच करने लगते थे। इसलिए इस अभियान ने ध्यान केंद्रित किया नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, सफाई मित्रों और स्थानीय निकायों के सहयोग तथा सामुदायिक जिम्मेदारी पर।

**इंदौरः स्वच्छता की राजधानी और नई पहल**

देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर क्लीन टॉयलेट अभियान का भी अग्रणी उदाहरण है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नगर निगम ने शौचालय सुपर स्पॉट कैंपेन आयोजित किया। इस अनोखे अभियान में नागरिकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करें और वहां पर अपनी उपस्थिति को तस्वीर के माध्यम से दर्ज करें। नतीजा यह हुआ कि शहर के सात सौ से अधिक शौचालयों पर एक लाख से ज्यादा लोगों ने जाकर सेल्फी ली और उसे ऑनलाइन अपलोड किया। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह दर्शाता है कि इंदौर के नागरिक स्वच्छता को गर्व और जिम्मेदारी दोनों मानते हैं।खास बात यह रही कि अभियान की शुरुआत के केवल तीन घंटे के भीतर ही तीस हजार से अधिक तस्वीरें अपलोड हो चुकी थीं। सुबह पांच बजे से आठ बजे तक का यह दृश्य बताता है कि नागरिक कितनी तत्परता और जागरूकता के साथ इसमें भाग ले रहे थे। इंदौर का यह प्रयोग न केवल पूरे देश के लिए प्रेरणा है बल्कि यह संदेश भी देता है कि यदि जनता प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

**बिलासपुरः बबलू महतो और परिवार की मिसाल**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के अशोक नगर इलाके की कहानी बताती है कि बदलाव के लिए बड़े साधनों की नहीं बल्कि छोटे प्रयासों की आवश्यकता होती है। नगर निगम ने बबलू महतो को एक सार्वजनिक सुविधा केंद्र की देखभाल की जिम्मेदारी दी। यह स्थान पहले असामाजिक तत्वों का अड्डा माना जाता था। लोग वहां जाने से डरते थे और शौचालय लगभग बेकार पड़ा था।

लेकिन बबलू महतो ने अपने परिवार के सहयोग से इस स्थान का कायाकल्प कर दिया। उन्होंने न केवल शौचालय और स्नानघर की नियमित सफाई सुनिश्चित की बल्कि आसपास का वातावरण भी पूरी तरह बदल डाला। धीरे–धीरे यह स्थान



लोगों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्थल बन गया। उनकी पत्नी अनीता और पूरा परिवार इस जिम्मेदारी को निभाने में बराबर का योगदान देता है। आज यह सुविधा केंद्र इलाके के लोगों के लिए वरदान बन चुका है। यह उदाहरण हमें यह सिखाता है कि यदि जिम्मेदारी का भाव हो तो कोई भी व्यक्ति समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

**कोरबाः प्रभास शाही का योगदान**

कोरबा जिले के प्रभास शाही ने अपनी सतत मेहनत और सेवा से स्वच्छता अभियान को एक नया आयाम दिया। वे पिछले दस वर्षों से शहर के नए बस स्टैंड और अन्य इलाकों में बने तेईस सार्वजनिक शौचालयों की देखभाल कर रहे हैं। उनकी सोच केवल सफाई तक सीमित नहीं रही। उन्होंने इन शौचालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया। महिलाओं और बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसर, इंसीनेरेटर और बेबी फीडिंग रूम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराईं। यह सब बिना किसी बड़े प्रचार–प्रसार के हुआ, लेकिन इसका असर पूरे शहर पर पड़ा। प्रभास शाही की मेहनत का ही परिणाम है कि कोरबा शहर खुले में शौच से पूरी तरह मुक्त हुआ और ह्ष्ठस्न++ का दर्जा प्राप्त कर सका। यह उपलब्धि बताती है कि व्यक्तिगत प्रयास भी सामूहिक सफलता में बदल सकते हैं।

**स्वच्छता और गरिमा का संबंध**

क्लीन टॉयलेट अभियान केवल सफाई का सवाल नहीं है, यह स्वास्थ्य और गरिमा दोनों से जुड़ा हुआ है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय का होना उनकी गरिमा और आत्मसम्मान का सवाल है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लंबे समय तक महिलाओं को अंधेरे में खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य प्रभावित होता था बल्कि सुरक्षा की समस्या भी बनी रहती थी। आज जब सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों का जाल बिछाया गया है, तो जिम्मेदारी यह बनती है कि उनकी स्वच्छता और उपयोगिता बनी रहे। यदि वे गंदे या अनुपयोगी होंगे तो लोग फिर से पुराने तरीकों की ओर लौट सकते हैं। इसलिए क्लीन टॉयलेट अभियान का संदेश यह है कि निर्माण के साथ–साथ रखरखाव भी उतना ही जरूरी है।

**चुनौतियाँ और समाधान**

हालांकि इस अभियान की सफलता के बावजूद कई चुनौतियाँ सामने हैं। कई शहरों में शौचालय तो बन जाते हैं लेकिन उनका नियमित रखरखाव नहीं हो पाता। पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ न होने से उनका उपयोग कठिन हो जाता है। कई बार नागरिक भी लापरवाही बरतते हैं और शौचालयों को गंदा छोड़ देते हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब नागरिक, प्रशासन और सफाई मित्र मिलकर काम करें। एक ओर स्थानीय निकाय को यह सुनिश्चित करना होगा कि शौचालयों की सफाई और मरम्मत नियमित रूप से हो, वहीं नागरिकों को भी इन्हें अपनी संपत्ति मानकर संभालना होगा। जागरूकता अभियानों, जन सहभागिता और तकनीक के उपयोग से इस दिशा में और सुधार किया जा सकता है।

**जनभागीदारी का महत्व**

क्लीन टॉयलेट अभियान की सबसे बड़ी ताकत है जनभागीदारी। जब लोग इसमें जुड़ते हैं तो यह केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि एक आंदोलन बन जाता है। इंदौर, बिलासपुर और कोरबा जैसे उदाहरण यही साबित करते हैं। इंदौर में नागरिकों का उत्साह, बबलू महतो और प्रभास शाही जैसे व्यक्तियों की निष्ठा और प्रशासन का सहयोग मिलकर इसे सफल बनाता है। यही कारण है कि यह अभियान अब पूरे देश में तेजी से फैल रहा है।

**भविष्य की दिशा**

स्वच्छता केवल आज की जरूरत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सेहत और सुरक्षा से भी जुड़ी हुई है। स्मार्ट सिटी, आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास जैसे लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जरूरी है कि हम स्वच्छता को अपनी संस्कृति और आदत का हिस्सा बनाएं। क्लीन टॉयलेट अभियान हमें यही सिखाता है कि यदि हर नागरिक इसे अपना कर्तव्य माने तो शहर ही नहीं पूरा देश साफ और स्वस्थ हो सकता है।यह अभियान धीरे–धीरे लोगों की सोच बदल रहा है। अब लोग शौचालयों को केवल जरूरत नहीं बल्कि अपनी गरिमा और सम्मान से जुड़ा मानने लगे हैं। यह बदलाव ही इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।क्लीन टॉयलेट अभियान हमें यह संदेश देता है कि स्वच्छ शौचालय केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब लोग इसे अपनी आदत बना लेंगे तो न केवल बीमारियाँ कम होंगी बल्कि समाज भी अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनेगा। इंदौर की जनता, बिलासपुर के बबलू महतो और कोरबा के प्रभास शाही जैसे उदाहरण हमें प्रेरित करते हैं कि अगर इच्छा और प्रतिबद्धता हो तो बदलाव लाना कठिन नहीं।आज जरूरत इस बात की है कि हम सब मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाएँ और यह साबित करें कि स्वच्छ भारत का सपना केवल एक योजना नहीं बल्कि हमारी साझा जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संकल्प है।

# स्वर्णिम साबित हुआ 14 सितम्बर

**भारत ने वहां चल रहे क्रिकेट एशिया कप में अपनी परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फतह ही नहीं किया, बल्कि यों कहें कि एकदम से ध्वस्त कर दिया। वैसे तो पहलगाम घटना की वजह से देश में एक वर्ग पाकिस्तान से खेलने का विरोध कर रहा था। पर सरकार ने आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने की नीति की वजह से इसमें खेलना स्वीकार किया। पर भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत पाकर देश के क्रिकेटप्रेमियों को खुश कर दिया। वहीं जीत के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करके अपना विरोध भी जता दिया।**

भारतीय खेलों के लिए बीता रविवार यानी 14 सितम्बर का दिन स्वर्णिम साबित हुआ। दिन की शुरुआत महिला बॉक्सर जेस्मीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा के स्वर्णिम पंच से हुई। इसके बाद देश में खुशी का माहौल बनाने वाली खबर दुबई से आई।

भारत ने वहां चल रहे क्रिकेट एशिया कप में अपनी परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फतह ही नहीं किया, बल्कि यों कहें कि एकदम से ध्वस्त कर दिया। वैसे तो पहलगाम घटना की वजह से देश में एक वर्ग पाकिस्तान से खेलने का विरोध कर रहा था। पर सरकार ने आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने की नीति की वजह से इसमें खेलना स्वीकार किया। पर भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत पाकर देश के क्रिकेटप्रेमियों को खुश कर दिया। वहीं जीत के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करके अपना विरोध भी जता दिया। भारत और पाकिस्तान के इस मुकाबले के लिए स्टेडियम के खचाखच भरे होने से यह बात तो समझ में आती है कि इस मुकाबले को लेकर लोगों में अभी भी दीवानगी बनी हुई है।

इस मुकाबले से एक बात यह भी साफ हो गई कि भारतीय टीम में भले ही रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज शामिल नहीं हैं। पर वे पाकिस्तान टीम से बहुत आगे निकल चुके हैं। यह सही है कि देश में क्रिकेट की दीवानगी के आगे सभी खेल बौने नजर आते हैं। पर बॉक्सिंग में आए दोहरे गोल्ड के भी बहुत मायने हैं।भारतीय बॉक्सिंग में पिछले काफी समय से सफलताएं आना कम हो गई थीं, लेकिन जेस्मीन और मीनाक्षी ने गोल्डन पंच लगाकर यह अहसास करा दिया है कि आने वाला समय उनका है। इस तरह के प्रदर्शनों से यह संकेत भी मिलता है कि भारत का ओलंपिक खेलों की बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल से दूरी जल्द खत्म हो सकती है। यह दिन भारतीय बैडमिंटन के लिए भी अच्छा साबित हुआ।

इसमें भारतीय खिलाड़ी कोई खिताब तो नहीं जीत सके। पर उनका प्रदर्शन भविष्य में दबदबे का भरोसा जताने वाला जरूर रहा। हांगकांग ओपन में भारत के लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल में सात्विक साईराज–चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष डबल्स के फाइनल तक चुनौती पेश की।

लक्ष्य पिछले काफी समय से रंगत से बाहर चल रहे थे और डबल्स जोड़ी भी एक महीने पहले तक कुछ खास नहीं कर पा रही थी, लेकिन अब लगता है कि बैडमिंटन में भी भारतीय तूती बोलने वाली है। भारतीय खेलों में ऐसे खुशी के लम्हे एक साथ कम ही आते हैं।

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार भारत

भारत की प्रगति की रोज नई–नई खबरें आने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में अब भारत ने जापान को पीछे छोड़ कर दुनिया के ऑटोमोबाइल बाजार में धमाकेदार दस्तक दी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है, और अगले पांच साल में इस बाजार में पहले नंबर पर आने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गडकरी ने अंतरराष्ट्रीय वैल्यू शिखर सम्मेलन, 2025 में उस रोडमैप का ब्योरा भी दिया जिसके तहत भारत को ऑटोमोबाइल विनिर्माण, हरित गतिशीलता और बुनियादी ढांचे के नवाचार के लिए दुनिया के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने की महत्त्वाकांक्षी योजना है। गडकरी के अनुसार सभी प्रमुख वैंकि ऑटोमोबाइल ब्रांड अब भारत में मौजूद हैं। इन ब्रांडों का ध्यान अब असेंबलिंग करने से हट कर भारत से दुनिया भर में वाहनों के निर्यात पर केंद्रित हो गया है। देखा जाए तो अकेले भारत का दोपहिया वाहन उद्योग अपने उत्पादन का आधे से ज्यादा निर्यात करता है। प्रदूषण मुक्त परिवहन के मामले में भी भारत की अग्रणी भूमिका बनी हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और वैकल्पिक ईंधनों में भारत खूब प्रगति कर रहा है।

हाइड्रोजन ट्रक लॉन्च कर ही चुका है, और अनेक मार्गे पर इसकी पायलट परियोजनाएं चल रही हैं। भारत का लक्ष्य हरित परिवहन में दुनिया का नेतृत्व करना है। प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियों टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड और रिलायंस तथा इंडियन ऑयल जैसी तेल कंपनियों के सहयोग से सरकार ने हाइड्रोजन उत्पादन के बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए भारी–भरकम अनुदान दिया है।

वर्तमान में भारत ने आइसोब्यूटेनॉल और बायो–बिटुमेन जैसे नये ईंधन विकल्पों के मामले में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। इन ईंधन विकल्पों का प्रयोगशालाओं में परीक्षण चल रहा है। गडकरी के अनुसार देश की सड़कों के बुनियादी ढांचे में भी जबरदस्त प्रगति हुई है।

# थामा का नया पोस्टर जारी



मैडाक के हारर यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा को लेकर लोगों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शक इस फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो आयुष्मान खुराना हैं, वहीं इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। अब थामा का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें आयुष्मान और रश्मिका साथ दिख रहे हैं।

निर्माताओं ने बताया कि 26 सितंबर को शाम 5 बजे मुंबई के बांद्रा फोर्ट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें थामा को लेकर अपडेट दिया जाएगा। उन्होंने लिखा, स्त्री आ रही है और अपने साथ एक बड़ा थम्मका ला रही है। थामा में परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके निर्देशन की कमान आदित्य सरपोतदार ने संभाली है थामा को इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फैंस पोस्टर को देखकर काफी एक्साइटेड हैं और सवाल कर रहे हैं कि क्या ट्रेलर आने वाला है, जबकि कुछ यूजर्स का कहना है परसों क्या है अभी बता दो। एक यूजर ने लिखा– लगता है नवरात्रि में मजा आने वाला है। एक दूसरे यूजर ने लिखा– ट्रेलर के लिए और कितना इंतजार कराओगे। थामा फिल्म की कहानी एक वैम्पायर लव स्टोरी से जुड़ी हैं। फिल्म में आपको हालीवुड का फील भी मिलेगा लेकिन बिल्कुल देसी अंदाज में।

## मिराय बनी 12 दिन में ब्रह्मांड ब्लाकबस्टर, वर्ल्डवाइड कमाई 140 करोड़ के पार

तेलुगु सिनेमा की नई सुपरहिट फिल्म मिराय ने बाक्स आफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा है। रिलीज के महज 12 दिनों में यह फैंटेसी एक्शन फिल्म ब्रह्मांड ब्लाकबस्टर बन चुकी है। भारत में भी यह 100 करोड़ के क्लब में कदम रखने को तैयार है। निर्देशक कार्तिक गट्टामनेनी की यह फिल्म न केवल साउथ इंडिया में, बल्कि उत्तर भारत और विदेशों में भी धूम मचा रही है।
मिराय एक रोमांचक फैंटेसी एक्शन–एडवेंचर है। फिल्म में तेजा सज्जा के अलावा रितिका नायक, श्रिया सरन, जगपति बाबू और जयराम जैसे सितारे हैं। पीपल मीडिया फैक्टरी के बैनर तले बनी यह फिल्म 12 सितंबर 2025 को रिलीज हुई और तुरंत ही सुपरहिट साबित हो गई। रिलीज के पहले हफ्ते में ही मिराय ने धांसू कमाई से दिग्गजों को भी हैरान कर दिया। दिन–ब–दिन की कमाई देखें तो फिल्म ने मजबूत पकड़ बनाई है। अब 12 दिनों में 140.08 करोड़ का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन इसे ब्रह्मांड ब्लाकबस्टर बना चुका है। भारत में नेट कलेक्शन 82 करोड़ के ऊपर है। हिंदी भाषा में इस फिल्म ने अब तक 15.8 करोड़, तेलुगु में 65.14 करोड़, तेलुगु में 83 लाख, काड़ में 54 लाख और मलयालम में 24 लाख रुपये की कमाई की है।

# रऊफ पर कार्रवाई से बौखलाया पाकिस्तान, फाइनल का कर सकता है बॉयकॉट!

नई दिल्ली। जिस बात का अंदेशा था वहीं होने के आसार बन रहे हैं। दुबई में खेले जाने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप के फाइनल मैच पर ही खतरा मंडराने लगा है। टूर्नामेंट को लगातार खराब करने और बहिष्कार करने की धमकी देने वाली पाकिस्तान टीम को नया बहाना मिल गया है। खबर है कि पीसीबी रऊफ पर की गई कार्रवाई से नाराज है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितंबर को खेले गए मैच में साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ ने भड़काऊ इशारे किए थे। इसी को लेकर भारतीय टीम ने आईसीसी में शिकायत की थी। इस मामले की सुनवाई आईसीसी मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट के सामने हुई, जिसमें दोनों ने अपनी सफाई पेश की।

**आईसीसी ने पाया दोषी**



हारिस रऊफ को आईसीसी ने गलत भाषा और संकेत के लिए दोषी पाया गया है। अब उन पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। ऐसे में खबर है कि अगर आईसीसी कोई भी एक्शन लेती है तो पीसीबी फाइनल का बहिष्कार कर सकती है। यानी पाकिस्तान टीम फाइनल का बॉयकॉट कर सकती है।

फाइनल का कर सकता है बॉयकॉट

गौरतलब हो कि 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगी। हालांकि, शिकायत को लेकर बढ़ते विवाद से ऐसा लग रहा कि इस मैच पर भी ग्रहण लग सकता है। इस बात के संकेत तभी मिलने लगे थे, जब इउउक ने कउउ से शिकायत की थी।

**साहिबजादा हुए रिहा**

बीसीसीआई की शिकायत पर हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान को जब आईसीसी ने तलब किया, तभी लग गया था कि उन पर एक्शन जरूर होगा। आईसीसी ने साहिबजादा को तो छोड़ दिया, लेकिन हारिस रऊफ को लपेटे में ले लिया। आईसीसी के एक्शन के साथ ही पीसीबी में खलबली मच गई है।

# धनुष की फिल्म इडली कढ़ाई का ट्रेलर रिलीज

धनुष स्टारर इडली कढ़ाई का ट्रेलर जारी किया गया था, जो एक शानदार कहानी की झलक पेश करता है। कहानी में परिवार, परंपरा और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की भी झलकियां नजर आती हैं। कहानी धनुष द्वारा अभिनीत मुरुगन के इर्द–गिर्द घूमती है, जिसके पिता स्थानीय लोगों द्वारा प्रिय इडली शैक चलाते हैं। जबकि मुरुगन होटल प्रबंधन में कदम रखता है और अश्विन, जिसे अरुण विजय द्वारा चित्रित किया गया है के अधीन काम करके सफलता प्राप्त करता है। घर पर तनाव बढ़ जाता है क्योंकि उनके पिता को पारिवारिक व्यवसाय चलाने के पारंपरिक तरीकों और हाथों की देखभाल की याद आती है। जब मुरुगन को विश्वासघात का सामना करना पड़ता है और दांव बढ़ जाता है, तो उसे न केवल अपने पिता की इडली की दुकान की रक्षा के लिए लड़ना होगा, बल्कि विरासत और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करना होगा। फिल्म में निथ्या मेनन और शालिनी पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

दो मिनट के ट्रेलर की शुरुआत धनुष के किरदार मुरुगन से होती है, जो अपने पिता से इडली बनाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक इडली ग्राइंडर खरीदने का अनुरोध करता है। जहां एक ओर धनुष कुशलता चाहता है, वहीं उसके पिता, जो इडली बनाने के पारंपरिक तरीकों में गहराई से डूबे हुए हैं, इस बात को लेकर संशय में हैं कि क्या स्वाद में कोई बदलाव आएगा। परिवार की इडली की दुकान, या इडली कढ़ाई, स्थानीय निवासियों के बीच एक प्रिय स्थान के रूप में दिखाई गई है।



# आंध्र प्रदेश के विश्व विजेता कोच की हुई न्यूजीलैंड टीम में एंट्री



वेलिंगटनः न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड न्यूजीलैंड क्रिकेट से फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे।

इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्राफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019–21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया।

**स्टीड खुश**

स्टीड ने कहा कि न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है। उनकी यह भूमिका पूर्णकालिक नहीं है जिससे वह न्यूजीलैंड क्रिकेट के बाहर भी काम कर सकते हैं। उन्हें 2025–26 रणजी सत्र के लिए आंध्र टीम का मुख्य कोच बनाया गया है।

आंध्र प्रदेश की टीम के साथ–साथ वह न्यूजीलैंड टीम की मदद करेंगे। न्यूजीलैंड की टीम का ध्यान अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप पर है जो भारत में खेला जाएगा। टीम ने अभी तक एक भी बार ये टूर्नामेंट नहीं जीता है। आंध्र प्रदेश का कोच होने के नाते वह भारत की स्थिति को अच्छे से समझ न्यूजीलैंड की मदद कर सकते हैं।

**टीम के खिलाड़ियों को होगा फायदा**

स्टीड वो शख्स हैं जो न्यूजीलैंड क्रिकेट की सेवा लंबे समय से कर रहे हैं। वह खिलाड़ियों को भलीभांति जानते हैं और इसी कारण वह समझते हैं कि किसको किस तरह से यूज करना है। वह देश के क्रिकेटिंग कल्चर से भी वाकिफ हैं और इसी कारण उनके समय में टीम ने लगातार अच्छा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में मिला हथिनी का शव

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार : लैंसडौन वन प्रभाग कोटद्वार रेंज के अंतर्गत मैती काटल गांव के समीप जंगल में एक हाथिनी का शव बरामद हुआ है। वन विभाग के अनुसार, हथिनी की मौत पहाड़ी से गिरने के कारण बताई जा रही है।

शुक्रवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली कि गांव के समीप जंगल में एक हथिनी का शव पड़ा हुआ है। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर मौत के कारणों की जांच की। वनाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि हाथिनी अपने झुंड के साथ घूम रही होगी और पहाड़ी पर पैर फिसलने के कारण वह गिर गई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई होगी। वनाधिकारियों की सूचना के बाद चिकित्सक डा. राजेश कुमार की टीम मौके पर पहुंची और हाथिनी के शव का पोस्टमार्टम किया। चिकित्सकों ने बताया कि आंतरिक चोटों के कारण हथिनी की मौत हुई है।

### जिला स्तरीय चयन ट्रायल 8 अक्तूबर से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 8 और 9 अक्तूबर को आयोजित होगा। ट्रायल के आधार पर विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। ट्रायल में खिलाड़ियों को आधार कार्ड, विभागीय आईडी, एनओसी लाना अनिवार्य है।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी पौड़ी जयवीर सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड में पुलिस, सेना और निगम को छोड़कर सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज जनपदीय चयन ट्रायल आयोजित होगा। जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में एथलेटिक, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बेस्ट फिजिक्स, टेबल टेनिस, खो-खो, कैरम, चैस, तैराकी, वॉलीबॉल और कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताएं और पुरुष वर्ग में क्रिकेट और फुटबॉल प्रतियोगिता शामिल हैं।

### जीएसटी व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया : डॉ. रावत

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को श्रीनगर बाजार में व्यापारियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ किसानों, उपभोक्ताओं और उद्योग जगत को भी बड़ा लाभ होगा। डॉ. रावत ने कहा कि यह सुधार केवल आर्थिक नहीं, बल्कि देश के हर वर्ग के लिए दीपावली का तोहफा है, जो करोड़ों परिवारों का खर्च घटाएगा और व्यापार को गति देगा। उन्होंने इसे जीएसटी लागू होने के बाद अब तक का सबसे महत्वपूर्ण बदलाव बताया। इस अवसर पर नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के जिला संयोजक गणेश भट्ट और श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की भूमिका महत्वपूर्ण

श्रीनगर गढ़वाल : विश्व फार्मेसी दिवस पर बेस अस्पताल श्रीनगर में आयोजित संगोष्ठी में फार्मेसी विभाग के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए दवाइयों के सुरक्षित एवं उचित उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दवाओं का सही परामर्श और उनकी उचित उपलब्धता से ही मरीजों के उपचार की सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने फार्मेसी पेशे को एक सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ क्षेत्र बताया और छात्रों को ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में फार्मासिस्ट न केवल दवाइयां उपलब्ध कराते हैं, बल्कि रोगियों को उनके सुरक्षित उपयोग की सही जानकारी भी देते हैं। कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके बिना चिकित्सा व्यवस्था अधूरी है। इस दौरान इंटर्नशिप कर रहे फार्मेसी छात्रों को उनके योगदान और प्रयासों के लिए सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी अनिल उनियाल डॉ. सतीश, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. विक्की बख्शी, डॉ. द्विवेदी, डॉ. इंदिरा यादव, डॉ. गौरी बिष्ट मौजूद रहे। (एजेंसी)

# महाविद्यालय में मतदान आज, शांति में खलल डालने वालों को चेतावनी

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को छात्रसंघ चुनाव होंगे। इसके लिए महाविद्यालय ने पूरी तैयारियां कर ली है। इस दौरान महाविद्यालय व पुलिस ने शांति में खलल डालने वालों को चेतावनी दी। कहा कि व्यवस्था में किसी भी तरह का व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।शुक्रवार को महाविद्यालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय व पुलिस ने छात्र नेताओं व अन्य छात्रों को चुनावी प्रक्रिया को शांति से संपन्न करवाने की अपील की। प्राचार्य डा. चौहान ने विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में बताया। कहा कि शनिवार सुबह आठ बजे से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। जिस विद्यार्थी के पास पहचान पत्र होगा उसे ही मतदान करने की इजाजत होगी। बिना पहचान पत्र वाले विद्यार्थियों का महाविद्यालय में प्रवेश निषेध होगा। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राज विक्रम सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस की विशेष टीम महाविद्यालय में मौजूद रहेगी। बिना प्रशासन की इजाजत के विजय जुलूस भी नहीं निकलने दिया जाएगा। कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी छात्र नेता शांति पूर्वक चुनाव संपन्न करवाने में महाविद्यालय व पुलिस का सहयोग करें।



कोटद्वार महाविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डा.आरएस चौहान

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : स्वच्छता पखवाड़ा के तहत राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। विद्यार्थियों ने आमजन को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय में एनएसएस के स्थापना दिवस पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्का नैथानी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गीता रावत ने विद्यार्थियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि हमें सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। समय-समय पर अपने घर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते रहे। अभियान के दौरान महाविद्यालय में पौधा रोपण भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। अपने-अपने जन्मदिन व अन्य शुभ कार्यों में पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर अंजली नेगी, कुमकुम भारद्वाज, गीता रावत शाह, अरविंद सिंह, विमल कुकरेती, डा. दिवाकर बौद्धा, डा. विनय आदि मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी

# लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक



रामलीला के दौरान मंचन करते कलाकार

### बाल रामलीला कमेटी का आठवां दिन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पुराना सिद्धबली मार्ग में बाल रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला के आठवें दिन हुए मंचन में लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा की नाक काटी गई। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। मंचन का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, उद्योगपति अनिल कंसल, उमेश त्रिपाठी, राम प्रकाश शर्मा, विपिन गुप्ता, दीनानाथ भाटिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मंचन के दौरान प्रभु श्रीराम जब पंचवटी में कुटिया का निर्माण कर रहे होते हैं तो सूर्पणखा उन पर मोहित हो जाती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। वे खुद के विवाहित होने की बात कहते हुए विवाह से इंकार कर देते हैं और सूर्पणखा को लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण के विवाह से इन्कार करने पर सूर्पणखा माता सीता पर हमला करने जाती है तो लक्ष्मण सूर्पणखा की नाक काट देते हैं। इसके बाद सूर्पणखा के अपमान का बदला लेने के लिए उसके भाई खर और दूषण आते हैं, जिनका भगवान राम वध कर देते हैं। इसके बाद सूर्पणखा रावण को पूरा वृतांत सुनाती है। प्रतिशोध में क्रोध से तिलमिलाया रावण अपने मामा मारीच की सहायता लेकर माता सीता का हरण कर लेता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम नाना प्रकार पहाड़ों कंदराओं से गुजरते बिलखते हुए ढूंढ़ते हैं।

इस मौके पर पार्षद विपिन डोबरियाल, संजय रावत, संजय मित्तल, नितिन गुप्ता, ओमप्रकाश भाटिया, विजय लखेड़ा आदि मौजूद रहे।

# दौड़ प्रतियोगिता में विजय व साधना रही अव्वल

### बेसिक विद्यालयों की जनपदीय शरद एवं शीतलाकलीन प्रतियोगिताएं शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बेसिक विद्यालयों की जनपदीय शरद एवं शीतलाकलीन प्रतियोगिताएं राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित की गई। इस दौरान छह सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग की प्रतियोगिता में यमकेश्वर के विजय व बालिका वर्ग में बीरोंखाल की साधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम दिन आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पोखड़ा के ब्लॉक प्रमुख संजय गुसाईं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय निंबूचौड़ एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुखरो देवी के छात्र बैंड दल ने अतिथियों का स्वागत किया। समस्त विकास खंडों से आए छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी दी। प्रथम दिवस संपन्न हुई सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में विजय (यमकेश्वर), अक्षित (दुगड्डा), अनमोल (पाबो) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग बालिकाओं की 600 मी. दौड़ में साधना (बीरोंखाल), अस्मिता (थलीसैंण), प्रीति (कल्जीखाल) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी नागेंद्र बर्तवाल, पार्षद सौरभ नौडियाल, खेल संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद, पौड़ी के जिला खेल समन्वयक कमल उप्रेती, जिला खेल सह समन्वयक ललित बिष्ट, प्रदीप रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज जुगरान, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, अरुण कुकरेती, जितेंद्र राय, बिपिन रांगण, प्रवीन नेगी, प्रकाश चौधरी, शिवदर्शन गुसाईं, मनोज रावत, अंजू रावत, लक्ष्मी रावत, राजेश बलोदी, वीरेंद्र सिंह रावत, मुकेश असवाल, पंकज रावत, अनिल रावत, जय सिंह बिष्ट, सुभाष चंद्र, आशुतोष जखमोला, उत्तम भंडारी, अनूप काला, मातबर चौहान, अजेश कुमार, कुंवर सिंह राणा, मनीष राणा, बिपुल भंडारी, लक्ष्मण सिंह रावत, बिपिन चौहान, कुल गौरव द्विवेदी, नागेंद्र डोबरियाल, मुकेश, राजेश रावत, मेहरबान सिंह, गोपाल जसोला, संजय पाल, उमेश कुमार वर्मा, मनमोहन गुसाईं, जसपाल असवाल एवं सभी 15 विकासखंडों से आए हुए छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। मंच संचालन सुरदीप गुसाईं, भोपाल सिंह रावत, शैलेश जोशी ने किया।



आयोजित प्रतियोगिता के दौरान मार्च पास्ट निकालते विद्यार्थी

# गरीब के हित को देखते हुए हटाए जाएं स्मार्ट मीटर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार शहर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में लोगों का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। लोगों ने सरकार से गरीब के हित को देखते हुए स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग उठाई। कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण गरीब परिवार को आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई लोगों के दस से 15 हजार तक बिजली का बिल आ रहा है।

शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने तहसील परिसर में ऊर्जा निगम व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब परिवार की जेब पर डाका है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से कई परिवारों के बिजली के बिल चार गुना तक बढ़ गए है। गरीब के पूरे माह की बचत केवल बिजली का बिल भरने में ही जा रही है। कई लोगों के दस से 15 हजार तक बिजली का बिल आ गया है। कहा कि सरकार का ऊर्जा निगम डंडा दिखाकर लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है। विरोध के बाद भी घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कहा कि यदि ऊर्जा निगम वह सरकार ने स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने मीटर नहीं लगाए तो जनता आंदोलन को मजबूर होगी। ऊर्जा निगम कार्यालय में तालाबंदी भी की जाएगी। जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगा। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व महामंत्री रंजना रावत, रीता देवी, मुन्नी देवी, जितेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, सुखदेव रावत, द्रौपदी देवी, वीरेंद्र सिंह रावत, संदीप शाह, प्रवीन चंद्र नैथानी, जगत सिंह नेगी, मीनाक्षी, देवेश्वरी देवी, बालम सिंह आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार तहसील में स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना देते लोग

### दशरथ-कैकयी संवाद मंचन को सराहा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रामलीला मैदान पौड़ी में गुरुवार देर शाम को आयोजित रामलीला में राजा दशरथ द्वारा राम के राज्याभिषेक की घोषणा, दशरथ सुमंत संवाद, सुमंत मंथरा संवाद, मंथरा कैकई संवाद, कैकई सुमंत संवाद, राम कैकई संवाद, राम कौशल्या संवाद का मंचन किया गया। गुरूवार देर सांय रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक भगत राम मॉडर्न स्कूल दामोदर प्रसाद ममगाईं ने किया। उन्होंने कहा कि पौड़ी की रामलीला ने पूरे उत्तराखंड में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। अपने समय के रामलीला के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि धीरे-धीरे रामलीला के मंचन में अब काफी निखार आ गया है। रामलीला मंचन में भाव नृत्य में पावनी बहुगुणा के बेहतरीन नृत्य अभिनय की दर्शकों ने जमकर सराहना की। कैकई मंथरा संवाद में तीर समान वचन लागे तोरे गायन ने मंचन को भावपूर्ण बना दिया। कैकई की भूमिका में सुहानी नौटियाल के शानदार अभिनय की दर्शकों द्वारा जमकर सराहना की गई। सुमंत के पात्र गोपाल नेगी के शानदार अभिनय ने उनकी मंचीय प्रस्तुति का लोहा मनवाया। कोप भवन में दशरथ कैकई संवाद में दशरथ के पात्र डा. मदन मोहन नौडियाल ने अपने अभिनय से एक अलग छाप छोड़ी। इस मौके पर जसपाल सिंह रावत, विमल बहुगुणा, देवेंद्र रावत, वीरेंद्र खंकरियाल, सुबोध रावत, हिमांशु चौहान आदि मौजूद रहे।

# एलयूसीसी पीड़ितों का धरना जारी, न्याय की उठाई मांग



कोटद्वार तहसील में ठगी गई धनराशि वापस दिलाने की मांग को लेकर धरना देते एलयूसीसी ठगी पीड़ित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : डूबी हुई रकम वापसी के लिए द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-आपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) के पीड़ितों का धरना तहसील में जारी रहा। पीड़ितों ने रकम वापस नहीं मिलने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। कहा कि सरकार को पीड़ितों को न्याय दिलवाने के लिए आगे आना चाहिए।

एलयूसीसी ठगी पीड़ित पिछले कई सप्ताह से तहसील में धरना दे रहे हैं। शुक्रवार को भी पीड़ितों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि वे पिछले कई सप्ताह से धरना दे रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। कहा कि सरकार धोखाधड़ी के प्रकरण की सीबीआई जांच की बात कर रही है। लेकिन, इतने दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। कहा कि अब निवेशक भी एजेंटों पर रकम वापस करने का दबाव बना रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर अंजू डबराल, आरती नेगी, इंदु कोटनाला, सुनीता रावत, सुनीता नेगी, रजनी, ममता, पूजा नेगी, सुरेश नेगी, संदीप रावत, प्रेम सिंह, विरेंद्र रावत, राजेंद्र भंडारी, हरेंद्र रावत, वीरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

### छात्र संघ चुनाव : आज होगा मतदान, तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्विद्यालय के पौड़ी परिसर में शनिवार को होने वाले छात्र संघ चुनावों की तैयारियों को लेकर चुनाव समिति की बैठक आयोजित की गई। छात्र संघ चुनावों को लेकर परिसर में 5 पोलिंग बूथ बनाएं गए हैं। चुनाव के दौरान आवश्यक पुलिस बल भी परिसर में तैनात रहेगा।

मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीयूष सिंहा ने बताया कि चुनाव समिति की बैठक में मतदान से लेकर मतणगना आदि पर विस्तार से चर्चा हुई है। वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा गढ़वाल में शुक्रवार को छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई। शनिवार को डिग्री कॉलेज में छात्र संघ चुनावों को लेकर मतदान होगा। प्राचार्य डॉ. इंदु तिवारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। इस पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। अन्य सभी पदों पर एक एक नामांकन होने की वजह से ये प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होंगे।

# डॉ. नेगी फैकल्टी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्रो. एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश नेगी अनंत को लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस ब्रिटेन यूनाइटेड किंगडम द्वारा फैकल्टी ऑफ द ईयर अवार्ड से आभाषी मंच पर सम्मानित किया गया। डॉ. नेगी को यह अवॉर्ड ज्ञान की शक्ति से विश्व समाज में गरीब, असहाय, बच्चों की मानव विकास एवं विश्व शांति मिशन तथा स्कूल ऑफ लाइफ पीस मिशन के माध्यम से शून्य से शिखर तक ले जाने का सेवा भाव करने पर प्रदान किया गया है। अभी तक 5000 छात्र-छात्राओं से अधिक बच्चों को डॉ. राकेश नेगी अनंत अपने विचारों से मोटिवेशन टॉक के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर व्याख्यान दे चुके हैं। डॉ. नेगी अनंत ने बताया कि लंदन स्कूल ऑफ डिजिटल बिजनेस ब्रिटेन द्वारा उन्हें ग्लोबल एजुकेशन (लीप 2025) का फैकल्टी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। दुनिया भर के 400 डेलीगेट ने इस आभासी मंच पर संगोष्ठी में प्रतिभाग किया था। नेगी ने मिले सम्मान को अपने विद्यार्थियों को समर्पित बताया। कहा कि उन्हें लीप प्रोग्राम के तहत शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काम करने का अवसर मिला है।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मंडल के लक्सर–हरिद्वार सेक्शन पर ज्वालापुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण" तथा "मुरादाबाद–चन्दौसी सेक्शन पर चंदौसी गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण" और "मुरादाबाद–लखनऊ सेक्शन के कौढ़ा स्टेशन पर नए गुड्स शेड में बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान" के सन्दर्भ में ज्वालापुर स्टेशन यार्ड, चन्दौसी स्टेशन यार्ड तथा, कौढ़ा स्टेशन यार्ड का किसी अन्य स्टेशन पर गुड्स शेड, सेवा भवन और कमरें, रेल लेवल गुड्स प्लेटफार्मों का निर्माण, प्लेटफार्मों में मिट्टी भरने और काटने का काम, आरसीसी/ईंट की टो रिटर्न/वाल, नालियों, आरसीसी/ईंट की बेंच, शौचालय ब्लॉक का निर्माण कार्य और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 (बारह) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1601.89 लाख |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानत राशि :** रु. 9,51,000.00 |
| 5 | **निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी :** ई–निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 26.09.2025 से 18.10.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | **अन्तिम तिथि / ई-निविदा अपलोड करने की तिथि :** 18.10.2025 को 11:30 बजे तक। ई–निविदा दिनांक 04.10.2025 से 18.10.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय :** टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 18.10.2025 को 11:30 बजे तक ई–टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

सं.: 1-डब्लू-टेण्डर-291-उप मु. अभि. नि. मुरादाबाद दिनांक: 26.09.2025 2987/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/IV/द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 183-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 | 184-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 | 192-DRM-MB-25-26 Date : 23.09.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Misc. Bridge works in the section of SSE/W/GJL under ADEN/GJL | UP gradation modernization of infrastructure at Bijnor Goods Shed | Heavy repair to colony road at MNDR, CPS, HLDR, BJO and CPS station under ADEN/GJL |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 21.10.2025 | 21.10.2025 | 21.10.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 54,95,871.74 | 4,13,06,213.36 | 69,94,094.68 |
| धरोहर राशि | 1,09,900.00 | 3,56,500.00 | 1,39,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 10 Months | 8 Months |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.10.2025 | 07.10.2025 | 07.10.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 Dt. 26.09.2025 2991/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025:– मुरादाबाद में 33/11 केवी यार्ड से 220 केवी उप–स्टेशन यार्ड, यूपीपीटीसीएल, मझोला तक 33 केवी ओवरहेड लाइन की मरम्मत और उन्नयन के लिए विद्युत कार्य। | 3514952.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद | 70300.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 17.10.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 16/2025 दिनांक: 25.09.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2979/25

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग

चमोली : उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में शुक्रवार को गोपेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी कर इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की। शुक्रवार को चमोली जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता गोपेश्वर में एकत्रित हुए। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपेश्वर मुख्य चौराहे से जुलूस निकालकर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि पेपर लीक माफिया को सरकार का संरक्षण मिला है। कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में विगत 7 वर्ष से प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर राज्य के बेरोजगारों के हितों पर लगातार कुठाराघात किया जा रहा है। राज्य की भाजपा सरकार पेपर लीक मामलों को रोकने में पूरी तरह नाकाम हो चुकी है। सरकार को इस मामले की सीबीआई जांच करवानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों में कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य प्रमोद बिष्ट, अरविंद नेगी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष महिला ऊषा रावत, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह नेगी, सत्येन्द्र कुंवर, महेंद्र नेगी, संदीप खनेड़ा, गिरीश आर्य, दर्शन लाल, मुकल बिष्ट, प्रदीप नेगी, वीरेंद्र बर्त्वाल, जयवीर नेगी, गोपाल सिंह रावत, जीडी हिंदवाल, मदन लोहानी, किशोरी लाल, भक्ति लाल, सोहन कुमार, रविन्द्र वर्त्वाल समेत कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

### दीया और कनिष्का ने किया राष्ट्रीय शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व

चमोली : पीजी कॉलेज गोपेश्वर की दो एनएसएस स्वयंसेवी छात्राओं ने तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीएस नेगी ने बताया कि दीया कंडारी और कनिष्का दानू ने 18 से 24 सितंबर तक तमिलनाडु के तंजावर विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में प्रतिभाग किया। दोनों छात्राओं ने लोककला व संस्कृति पर आधारित भाषण, पोस्टर, रंगोली, गायन, लोकनृत्य, खानपान, वेषभूषा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। शिविरार्थी दल का नेतृत्व पीजी कॉलेज पोखरी की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती रावत ने किया। गोपेश्वर पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल, जिला समन्वयक जगदीश टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेमलता, डॉ. विधि ध्यानी ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जताई। (एजेंसी)

### डाक अदालत 30 को

चमोली : डाक विभाग चमोली की ओर से ग्राहकों के शिकायत निवारण के लिए 30 सितंबर को अपराह्न तीन बजे डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अधीक्षक टीकंबर सिंह गुसाईं ने बताया कि डाक विभाग से संबंधित शिकायत विशेष रूप से रजिस्ट्री, पार्सल, मनीऑर्डर एवं बचत बैंक के संबंध में शिकायतें 29 सितंबर तक डाकघर अधीक्षक को उपलब्ध कराई जानी जरूरी हैं। न्यायालय व उपभोक्ता फोरम में चल रहे मामलों पर डाक अदालत में कोई सुनवाई नहीं की जाएगी। (एजेंसी)

### पुरोला–गुंदियाटगांव मोटरमार्ग का डामरीकरण शुरू

उत्तरकाशी। रामा सिराई क्षेत्र के पुरोला–गुंदियाटगांव मोटर मार्ग के डामरीकरण का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। 2 करोड़ 44 लाख 78 हजार की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शुभारंभ पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने पूजा–अर्चना कर किया। पुरोला ब्लॉक के रामा सिराईं की लाइफलाइन कहे जाने वाले पुरोला–गुंदियाटगांव मोटरमार्ग पर 1 से 4 किमी डामरीकरण की लंबे समय से मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। शुक्रवार को पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने भूमि पूजन के साथ कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर कंडियाल गांव के निवासी लोकेंद्र कंडियाल, प्रवीन कंडियाल, जयवीर सिंह ने बताया कि पुरोला गुंदियाटगांव सड़क छिवाला, देवढुंग, कोटी, धामपुर, मठ, बसन्त नगर, नवोदय विद्यालय, कंडियाल गांव, ढिकाल गांव, रेवाड़ी, रौन, रामा, बेष्टी, कंडिया, श्यालुका व कमलेश्वर महादेव मंदिर आदि दर्जनभर गांवों का मुख्य मार्ग है। लेकिन आपदा और वर्षा से डामरीकरण न होने से मार्ग बहुत खराब हो गया था।

# पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों के लिए उम्मीद की नई किरण




**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : नगर पंचायत थलीसैंण में शुक्रवार को लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे व्यापारियों से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना का लाभ लेने की अपील की गई। इस मौके पर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीरा देवी की अध्यक्षता में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगदीश रतूड़ी सिटी मिशन मैनेजर ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि के अंतर्गत योजना की बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लोगों को योजना से अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी दीपक प्रताप ने कहा कि नगर पंचायत के तहत पीएम स्वनिधि जैसी योजना से छोटे व्यापारियों को न सिर्फ आर्थिक सहारा मिलेगा, बल्कि उन्हें समाज में सम्मान और आत्मनिर्भरता भी मिलेगी। योजना रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों के लिए नई उम्मीद की किरण है। कहा कि छोटे व्यापारी डिजिटल भुगतान और अन्य आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस मेले के माध्यम से उन्हें वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा दोनों मिलेगी। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक रवीन्द्र चौबे, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार सहित चंद्रशेखर बडोनी, अनुज भंडारी आदि उपस्थित रहे।

### पर्वतारोही डा. हर्षवंती पर्यावरण पुरस्कार से होगी सम्मानित

चमोली : प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं शिक्षाविद डा. हर्षवंती बिष्ट को 2025 के केदार सिंह रावत पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें गंगोत्री क्षेत्र में भोजपत्र के वनों को बचाने और भोजपत्र के नए वन विकसित करने के उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। चंडी प्रसाद भट्ट पर्यावरण एवं विकास केन्द्र की ओर से केदारघाटी के रामपुर–फाटा में चिपको आंदोलन के अग्रणी नेता रहे स्व. केदार सिंह रावत की याद में 2014 से यह पुरस्कार दिया जाता रहा है। केदार सिंह रावत पर्यावरण पुरस्कार चयन समिति के सचिव मंगला कोठियाल ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित बैठक में डा. हर्षवंती के नाम पर सहमति बनी है। बताया कि नंदा देवी शिखर पर आरोहण करने वाली पहली भारतीय महिला और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रही डा. हर्षवन्ती बिष्ट ने पर्वतारोहण के साथ उच्च हिमालय के पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चार दशक से अधिक समय तक किए गए कार्यों के लिए सर्वसहमति से चयन समिति ने डा. हर्षवंती बिष्ट को इस सम्मान के लिए चुना है। भारतीय पर्वतारोहण संस्थान जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संस्थान की अध्यक्ष रह चुकी डा. बिष्ट ने नौवें दशक में उत्तरकाशी में उच्च शिक्षा में अध्यापन कार्य के साथ साथ गंगा के उदगम स्थल गोमुख और भोजवासा इलाके में भोज वृक्षों का न केवल संरक्षण के लिए जन–जागरूकता का कार्य किया अपितु उच्च हिमालय के इस इलाके में नए भोजपत्र के पौधों के रोपण के साथ नए भोज वन भी विकसित किए।

# छात्र संघ चुनाव की तैयारियां पूरी




**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में छात्र संघ चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को महाविद्यालय में मतदान होगा। मतदान और मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी तैयारी कर ली है।

शुक्रवार को महाविद्यालय में चुनाव मतदान एवं मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और निष्पक्ष बनाना है। इस दौरान कार्मिकों को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया जैसे मतपत्र जारी करना, बैलेट बॉक्स में पर्ची डालना, गिनती की प्रक्रिया और परिणाम घोषित करना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। पीठासीन अधिकारी डॉ. बचन सिंह, मतदान अधिकारी डॉ. अजय कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, अंजू नेगी, मतदान सहायक धर्म सिंह एवं अनिल ध्यानी को चुनाव सम्बन्धी सामग्री एवं मतपत्र से सम्बंधित जानकारी दी गई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, चुनाव प्रभारी डॉ. विकास प्रताप सिंह, सह प्रभारी डॉ. छाया सिंह एवं डॉ. विवेक रावत आदि मौजूद रहे।

# राइंकॉ नौगांवखाल और एकेश्वर के दस छात्रों को दी छात्रवृत्ति



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : स्व. रोशनी आर्य मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में राजकीय इंटर कालेज नौगांवखाल में आयोजित कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर10 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्रत्येक छात्र को एक-एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी गई।

कार्यक्रम में राइंकॉ नौगांवखाल व एकेश्वर के आर्थिक रूप से कमजोर 10 छात्रों को आर्थिक सहायता दी गई। उक्त विद्यालयों के छात्रों को गत 16 वर्षों से ट्रस्ट की ओर से छात्रवृति प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता अर्जुन शाह ने कहा कि ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य मदन लाल आर्य मूलरूप से ओडगांव (नौगांवखाल) के निवासी हैं जो गत पांच दशक से शिक्षा के विस्तार के लिए छात्रों की सहायता कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह रौतेला, शिक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट, संजीव थपलियाल, शीला शर्मा, महेश चन्द्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### बेरोजगार संगठन की कवरेज कर रहे दो लोगों से मारपीट में मुकदमा

देहरादून। बेरोजगार संगठन के धरना प्रदर्शन को कवर करने पहुंचे यू ट्यूबर और उसके कैमरामैन साथ मारपीट की गई। घटना गुरुवार रात की है। घटना के कुछ देर बाद शिकायत मिलते ही डालनवाला कोतवाली पुलिस ने संगठन से जुड़े अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौच की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर डालनवाला मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि घटना गुरुवार रात को परेड ग्राउंड के पास हुई। यहां बेरोजगार संगठन के कार्यकर्ता सोमवार से धरना दे रहे हैं। नोएडा स्थित न्यूज पोर्टल से जुड़े सुमित तिवारी और उनके कैमरामैन उमाकांत उपाध्याय प्रदर्शन को कवर करने पहुंचे थे। सुमित तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों से सवाल पूछने पर वे भड़क गए। यहां मौजूद कुछ लोगों ने सुमित और उनके साथी संग मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने गाली—गलौज करते हुए 'देख लेंगे', 'फिर मारेंगे', 'गाड़ी तोड़ देंगे' और 'जान से मार देंगे' जैसी धमकियां दीं। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने दोनों को बचाया। सुमित भी नोएडा के निवासी हैं।

## छात्र संघ चुनाव आज, धारा 163 लागू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण और विधिवत रूप से संचालित करने को लेकर उपजिला मजिस्ट्रेट श्रीनगर द्वारा बिड़ला परिसर के चारों ओर 200 मीटर परिधि क्षेत्र में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 (पूर्व की धारा 144) लागू कर दी गयी है। यह आदेश आगामी 28 सितम्बर सांय पांच बजे तक प्रभावी रहेगा। जिससे सम्बन्धित क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। परीक्षा में ड्यूटी दे रहे कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर शनिवार 27 सितम्बर को बिड़ला परिसर में ही मतदान होने जा रहा है। जिसके लिए बिड़ला परिसर और विवि चौरास परिसर के छात्र-छात्राएं बिड़ला परिसर में बने 14 मतदान केंद्रों पर प्रातः आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक मतदान करेंगे। उपजिला मजिस्ट्रेट श्रीनगर नुपुर वर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति छात्रसंघ चुनाव केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। बिना अनुमति के जनसभा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी नहीं होगा। बिना पूर्व अनुमति के जुलूस भी नहीं निकाल पाएंगे। उपजिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी कर कहा है कि बिड़ला परिसर चुनाव केंद्र की 200 मीटर की परिधि के साथ ही शहर के अंतर्गत भी यह आदेश 28 सितम्बर सांय पांच बजे तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करना धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। गढ़वाल केंद्रीय विवि छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए उपजिला मजिस्ट्रेट कीर्तिनगर नीलू चावला द्वारा भी विवि चौरास परिसर के चारों ओर 500 मीटर को धारा 163 के अंतर्गत निषिध क्षेत्र घोषित कर दिया है।

## बेरोजगार युवाओं को संगठित होकर एक मंच पर आने की जरूरत : मुयाल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद मुख्यालय में शुक्रवार को पेपर लीक मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुंदर लाल मुयाल ने कहा कि आज बेरोजगार युवाओं को संगठित होकर एक मंच पर आने की जरूरत है, ताकि वह अपने हक की लड़ाई को लड़ सके। कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हर परीक्षा पर सवाल खड़े हो रहे है और बेरोजगार अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है। हर बार परीक्षाओं के पेपर लीक होने से बेरोजगार आहत है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय से कलक्ट्रेट के बाहर तक कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में पहुंचे। इसके बाद स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर एक सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पौड़ी विनोद नेगी ने कहा कि आज युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं है। बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदेश में केवल भर्तियां निकल रही है, लेकिन पेपर लीक होने से युवाओं को रोजगार से दूर धकेला जा रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने नकल विरोधी कानून को ही बड़ा बताने का काम कर रही है। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने यूकेएसएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच उच्च न्यायालय के किसी सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा।

### एबीवीपी कार्यालय के बाहर छात्र को लहुलूहान करने के आरोपियों पर केस

देहरादून। करनपुर स्थित छात्र संगठन एबीवीपी कार्यालय के बाहर गुरुवार दोपहर एक छात्र पर धारदार हथियारों से हमला हुआ। पीड़ित की शिकायत पर डालनवाला कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे डीएवी कॉलेज के निकट एबीवीपी कार्यालय के पास घटी। डिफेंस कॉलोनी निवासी आयुष्मान ने बताया कि वह अपने दोस्त आदित्य के साथ मोटरसाइकिल लेने एबीवीपी कार्यालय पहुंचे थे। तभी लक्ष्य राजपूत व उसके साथी वहां आ धमके। बाइक निकालते ही उन्होंने तलवार, हॉकी स्टिक, हेलमेट, चाकू व खुखरी जैसे हथियारों से आयुष्मान पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में आयुष्मान के सिर पर सात टांके आए।

# देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू : धामी



जयन्त प्रतिनिधि । देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून के पटेलनगर में जीएसटी बचत उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। इस दौरान व्यापारियों और आम लोगों ने जीएसटी दरों को घटाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर की गई इस नई शुरूआत से बाजार और खरीददारों में काफी उत्साह है। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। इस दौरान विधायक विनोद चमोली, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने पेपर लीक प्रकरण पर किया धरना, भाजपा सरकार पर लगाए आरोप



अल्मोड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी अल्मोड़ा ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर लीक मामले को लेकर धरना देकर विरोध दर्ज किया। शुक्रवार को कॉंग्रेसी नगर के गाँधी पार्क में धरने पर बैठे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में सबसे अधिक पीड़ित युवा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धामी सरकार में युवाओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। जिस तरह से पेपर लीक हो रहे हैं और भाजपा से जुड़े लोगों की इसमें संलिप्तता सामने आ रही है, उससे साफ है कि सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण देने का काम कर रही है। भोज ने कहा कि मुख्यमंत्री और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष को नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस युवाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

### बड़कोट में बेरोजगारों का धरना प्रदर्शन जारी

उत्तरकाशी। पेपर लीक मामलों के खिलाफ बेरोजगार युवाओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। बड़कोट में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी युवाओं ने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्नातक स्तरीय परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करने और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग दोहराई। धरना राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड के गेट के सामने हाईवे पर दिया गया, जिसमें महाबीर पंवार माही, ललिता भंडारी, विकास चौहान, शशिमोहन रावत, प्रभात नौटियाल समेत कई युवा शामिल रहे। उनका कहना था कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, आंदोलन जारी रहेगा और आगे और उग्र रूप ले सकता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की जांच व्यवस्था पर अब युवाओं को भरोसा नहीं रह गया है। वर्षों से तैयारी कर रहे बेरोजगारों के सपनों को बार—बार पेपर लीक के जरिए तोड़ा जा रहा है। युवाओं ने आरोप लगाया कि सरकार आवाज उठाने वालों पर मुकदमे दर्ज कर दबाव बना रही है, जो लोकतंत्र के खिलाफ है।

# नवरात्रि पर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, चार नमूने जांच को भेजे गए



अल्मोड़ा। नवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अल्मोड़ा बाजार स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों और मॉलों का निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त और अभिहित अधिकारी (खाद्य संरक्षा) ललित मोहन पांडे ने बताया कि यह कार्रवाई उपायुक्त कुमाऊं मंडल, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन नैनीताल राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को निर्देश दिए गए कि नवरात्रि में व्रत के दौरान उपभोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ स्वच्छ और सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराएं। कुट्टू का केवल पैक्ड आटा ही विक्रय करें। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कालातीत और एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को अलग रखने के लिए निर्धारित स्थान सुनिश्चित करें और अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण/अनुज्ञप्ति उचित स्थान पर प्रदर्शित करें। कार्रवाई के दौरान संदेह के आधार पर सेंधा नमक, सिंघाड़े का आटा, सरसों का तेल और चना सत्तू का एक–एक नमूना मौके पर सील कर जांच के लिए सुरक्षित किया गया।

# डीएम बसंल ने किया भंडारीबाग रेलेवे ओवरब्रिज कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल ने भंडारीबाग रेलेवे ओवरब्रिज कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने कार्यों की धामी रफ्तार पर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमन के लिए आवश्यक एवं मा0 मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है भण्डारीबाग रेलवे ओवरब्रिज प्रोजेक्ट, जनहित से जुड़े विषयों एवं विकास कार्यों में लापरवाही लेटलतीफी क्षम्य नही की जाएगी। वंही जिलाधिकारी के स्थलीय निरीक्षण से कार्यों में तेजी की उम्मीद जगी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया किया ओवरब्रिज निर्माण नियत समय पर पूर्ण हो जाना चाहिए जिला प्रशासन इसकी मॉनिटिरिंग करेगा इसके लिए एसडीएम व एक्सियन लोनिवि को नोडल अधिकारी नामित कर दिया है। जो रेलवे के अधिकारियों से गार्डर ब्रिज पलेसमेंट एवं निर्माण में समन्वय एवं निर्माण कार्यों की क्लोज मॉनिटिरिंग करेंगे। जिलाधिकारी स्वयं इस कार्यों की मॉनिटिरिंग कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर के बीचो–बीच वर्षों से आधे–अधूरे छोड़े गए प्रोजेक्ट से जहां जनमानस को असुविधा हो रही है वहीं शहर वासियों जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है जोकि सही नही है।

## शिक्षक ने मांगों को लेकर पीएम को खून से लिखा पत्र

उत्तरकाशी। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त करने, पदोन्नति, स्थानांतरण सहित 34 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत शिक्षकों का आक्रोश दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। राज्य सरकार की उदासनीता से आक्रोशित शिक्षक मुरली मनोहर भट्ट ने प्रधानमंत्री को अपने खून से लिखा पत्र प्रेषित कर शीघ्र मांगों के निस्तारण की मांग की।

बता दें कि राजकीय शिक्षक संघ गत एक माह से क्रमबद्ध आंदोलनरत है। 18 अगस्त से शुरू हुए इस आंदोलन के अंतर्गत शिक्षक चॉक डाउन, ब्लॉक स्तर पर धरना–प्रदर्शन करने के बाद गत 17 सितंबर को राजधानी देहरादून में प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर खींच रहे हैं। बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। शिक्षक मुरली मनोहर भट्ट सहित राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि वह प्रधानाचार्य सीधी भर्ती को निरस्त करने, वेतन विसंगति का निस्तारण, वार्षिक पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया एवं चयन प्रोन्नत वेतन सहित 34 मांगों को लेकर वर्षों से आंदोलनरत है। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं शिक्षकों ने अब अंतिम पुकार के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र अपने खून से लिखा है। जिसमें उत्तरकाशी के एलटी ग्रेड शिक्षक, राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी के डॉ. मुरली मनोहर भट्ट ने अपने खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह कदम उठाया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com